Title: Need to provide compensation and employment to farmers whose 738 acres of land was acquired years ago by CCL for coal mining in Hazaribagh district of Jharkhand

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अत्यन्त महत्वपूर्ण समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकषित करते हुए कहना चाहता हूं कि झारखड राज्य के जिला हजारीबाग के कजू एरिया में करमा प्रोजैक्ट के अन्तर्गत ग्राम खीराबेड़ा के किसानों की 738 एकड़ जमीन सी.सी.एल. द्वारा वर्षों पूर्व अधिगहीत कर ली गई थी, जिस पर कोयला खनन का काय कराया जा रहा है, किन्त अभी तक किसानों को मुआवजा एवं नौकरी नहीं दी गई है। इसके कारण वहां की जनता काफी आक्रोषित है जिससे वहां कभी भी विधि-व्यवस्था का प्रश्न खड़ा हो सकता है। अतः सरकार से आग्रह है कि उक्त अधिगहीत जमीन के किसानों को अविलम्ब नौकरी एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।